production, incidence of some disease was reported in 1994-95 which may have affected production to some extent.

As per Indian Confectionary Manufacturer's Association the requirement of cocoa beans for domestic chocolate and cocoa is of the order of 7000 to 7500 tonnes.

(d) Company-wise data on imports are not maintained.

(e) No, Sir.

(f) Cocoa is already covered under the Negative List of Imports.

Reduction of export targets from Kandla zone by MMTC and STC

740. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the export targets from Kandla export free trade zone, especially of minerals, garments and other commodities have been reduced by MMTC and STC over the years;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the details of the imports through Kandla export free trade zone during each of the last three years, year-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) STC and MMTC do not have any export targets from Kandla Free Trade Zone since they do not have any production units there.

(c) Details of imports in Kandla Free Trade Zone for the last three years are as under:

Year	*Imports (Rs. in Crores)*
1992-93	72.29
1993-94	86.21
1994-95	184.00

सुपर बाजार में महिला कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार के संबंध में संसद सदस्यों से शिकायतें

741. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को अनेक सांसदों से सुपर बाजार के वस्त्र विभाग में तैनात पुरुष कर्मियों द्वारा महिला बिक्री सहायकों के जातीय उत्पीड़न और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) क्या सरकार ने सुपर बाजार में कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु कुछ कदम उठाये हैं;

(ग) क्या सुपर बाजार के कुछ अधिकारियों, विशेषकर कार्मिक और वस्त्र विभाग के प्रबंधक, द्वारा महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जाता है;

(घ) क्या सुपर बाजार के दूरदराज स्थित शाखाओं में तैनात महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिह्न लग गया है; और

(ङ) क्या किसी महिला बिक्री सहायक ने सांसदों के पास अपनी पर्याप्त सुरक्षा और अपने साथी पुरुष कर्मचारियों से बचाव के संबंध में कोई शिकायत भेजी है?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राज्य मंत्री (श्री बिनोद शर्मा): (क) जी नहीं। इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) से (ङ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि उन्हें इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

आठवीं योजना अवधि के दौरान सुपर बाजार द्वारा सृजित रोजगार

742. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं योजना अवधि के दौरान 31 मार्च, 1995 तक सुपर बाजार ने अनुमानतः कितने अतिरिक्त रोजगारों का सृजन किया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान 31 मार्च, 1995 तक श्रमिकों की संख्या में अनुमानतः कितने अतिरिक्त व्यक्ति और शामिल हुए;

(ग) क्या सरकार विकलांग, विधवा और बेसहारा महिलाओं को सुपर बाजार में रोजगार के और अधिक अवसर प्रदान करने का विचार रखती है और क्या इस प्रयोजन के लिए कोई नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा; और

(घ) क्या सरकार द्वारा आरंभ किये गये उक्त कार्यक्रम को सुपर बाजार में लागू कर दिया गया है?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राय मंत्री (श्री विनोद शर्मा): (क) और (ख) सुपर बाजार द्वारा सूचित किया गया है कि केवल तकनीकी श्रेणी को छोड़कर नए पदों के सृजन पर प्रतिबंध होने के कारण 1.4.1992 से 31.3.1995 की अवधि के दौरान तकनीकी स्वरूप के केवल 15 पद ही सृजित किए गए तथा भरे गए है।

(ग) और (घ) कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए सुपर बाजार में नई नियुक्तियों पर प्रतिबंध है। सरकार का सुपर बाजार में रोजगार के अधिक अवसरों के लिए कोई योजना आरंभ करने का प्रस्ताव नहीं है।

Export Licences

743. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the total number of export licences issued by Government during 1993-94 and 1995 (till date);

(b) the number of export licences lying unused at the end of September, 1995;

(c) the main reasons for non-utilisation of the export licences by the exporters;

(d) the estimated loss in foreign exchange suffered by the Exchequer as a result thereof; and

(e) what action is contemplated by Government regarding the non-utilisation of the export licences by the exporters?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM):

(a) *Year*	*Export Licences Issued*
1993	396
1994	486
1995	415

(b) to (e) Statistical data regarding actual utilisation of these Export Licences is not maintained. However, some of them may have remained unutilised because of various reasons such as cancellation of Export Orders by the foreign buyers, unfavourable market conditions or force majeure conditions.

All goods are exportable except to the extent such exports are regulated. Since the licensable items are only those items whose exports are required to be regulated, the non-utilisation of Export Licences for such items need not necessarily be viewed as involing loss of foreign exchange.

However, while issuing fresh Export Licences one of the factors usually considered is the export performance of the party against such licences issued to the party earlier.

सुपर बाजार द्वारा लाभ

744. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सुपर बाजार में वर्ष 1992-93 के दौरान कोई लाभ नहीं हुआ लेकिन इसे इसके उत्तरवर्ती वर्षों के दौरान लाभ हुआ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस संबंध में कोई जांच कराने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राज्य मंत्री (श्री विनोद शर्मा): (क) जी नहीं। सुपर बाजार ने सूचित किया है कि उसने वर्ष 1992-93 तथा उसके बाद के वर्षों के दौरान लाभ कमाया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) जी नहीं।